तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 भाजपा सरकार हमेशा गरीबों की चिंता करती है : विधायक दीपेश



10 संडे मतलब इलाज बंद, सरकारी अस्पतालों ...




## खबर संक्षेप

### क्रांति सेना संगठन के सूर्या की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज शहर बंद

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के पदाधिकारी सूर्या सिंह चौहान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज व व्यापारी वर्ग ने मंगलवार को बेमेतरा जिला मुख्यालय बंद का आह्वान किया है। सोमवार शाम सर्व समाज के लोगों के साथ ही व्यापारी शहर में घूमकर प्रतिष्ठानों को बंद करने की अपील करते रहे। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों छत्तीसगढ़ क्रांति सेना संगठन के कार्यकर्ताओं तथा सूर्या सिंह चौहान के साथ शहर के एक व्यापारी के पुत्र के साथ-साथ अन्य लोगों के साथ मारपीट किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। देर रात तक सिटी कोतवाली में व्यापारी व कांग्रेस के लोग कारवाई की मांग को लेकर डट गए थे । पुलिस ने मामले में नामजद अपराध दर्ज कर कारवाई के आश्वासन पर लोग थाने से वापस लौट थे। घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर मंगलवार को बंद का निर्णय लिया गया। हालांकि पुलिस मारपीट के इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है और उन्हें जेल भेज दिया है। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम बनाई है, जो विभिन्न स्थान पर जाकर पकड़ने में जुटी हुई है।

### प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने कर्मचारी नियुक्त

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जमीनी स्तर पर आवास स्वीकृति, जियो टैगिंग एवं किश्त की राशि जारी करने के लिए शासन द्वारा जिला, जनपद व ग्राम पंचायत स्तर पर कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि किसी भी कार्य के लिए हितग्राहियों को पैसे देने की आवश्यकता नहीं है। यह शासन द्वारा नियुक्त कर्मचारी द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। शासन की यह योजना पूर्णतः निःशुल्क है।

### ज़िला जल स्वच्छता समिति की बैठक कल

**बेमेतरा।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 25 सितंबर को कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में रखी गई है। बैठक कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में होगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श होगा। प्रभारी कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### डूण्डा में स्वच्छता अभियान कल

**बेमेतरा।** ज़िले में स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत 17 सितंबर से लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि 25 सितंबर को सभी अमृत सरोवरों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम अमृत सरोवर ग्राम डूण्डा में प्रातः 8 बजे से शुरू होगा। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है।

### मतदाता सूची के लिए 18 अक्टूबर तक होगा सर्वे

**दुर्ग।** आगामी नगरीय निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन ने तैयारी शुरू कर दी है। वर्तमान में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए घर-घर सर्वे किया जा रहा है। 1 जनवरी 2025 की स्थिति में नाम जोड़ने का काम किया जा रहा है। 18 अक्टूबर तक यह कार्य किया जाना है। प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावा-आपत्ति ली जाएगी। अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी को बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता है इसलिए करवा रहे जांच : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर वयोवृद्ध जनों की स्वास्थ्य जांच कर जरूरतमंदों का उपचार किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वयोवृद्ध लोगों की स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता को देखते हुए पूरे देश में वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल शिविर का आयोजित कराया है, जो बहुत ही प्रशंसनीय है। उन्हें पूरे देश में 60 साल से ऊपर के व्यक्तियों की स्वास्थ्य की चिंता है। मंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों को जांच व स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन के निर्देश दिए।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एमएम रजा ने कहा कि आयुष्मान भारत एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में वयोवृद्ध जांच, परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया है। वृद्धावस्था में व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के रोग से ग्रस्त रहते हैं, उन्हें स्वास्थ्य देखभाल के लिए चिकित्सकीय जांच एवं उपचार की आवश्यकता होती है, उसी के तहत निशुल्क जांच शिविर रखा गया है, ताकि आने वाले समस्त वृद्ध व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया जा सके।

### खाद्य मंत्री ने नवागढ़ में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का किया शुभारंभ




#### बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल बहुत आवश्यक

वल्लभ सिंह ठाकुर ने कहा कि 60 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों की स्वास्थ्य देखभाल बहुत आवश्यक है। अतः समय-समय पर अस्पताल में डॉक्टर से इलाज व परामर्श लेते रहें। कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री बघेल ने 20 वयोवृद्ध लोगों को प्रोटीन पाउडर प्रदान किया। शिविर में कुल 200 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। 70 ने जांच एवं परामर्श का लाभ लिया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू रात्रे, आशा राम ध्रुव, जाहिद बेग, सोम ठाकुर, रामनारायण श्रीवास, टिकम गोस्वामी, नैना कुर्रे, संतोष देवांगन, संपत साहू, आकाश दीवान, हेमन्त सोनकर, भागवत ठाकुर सहित समस्त चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ एवम समस्त हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित रहे।

**मांग :** ग्राम पथर्रा, रांका और सरदा में प्लांट का क्षेत्र के ग्रामीण व किसान कर रहे हैं विरोध

# फैक्ट्री निर्माण के विरोध में किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली और किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से 8 किमी दूर स्थित ग्राम पथर्रा, रांका में एथेनॉल प्लांट एवं सरदा में स्पंज आयरन प्लांट का क्षेत्र के ग्रामीण एवं किसान जमकर विरोध कर रहे हैं। प्लांट में जारी निर्माण कार्यों को बंद करने की मांग को लेकर क्षेत्र के किसानों ने सोमवार से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे पूर्व ट्रैक्टर रैली निकाली गई। उसके बाद ग्राम पथर्रा में किसानों की एक जनसभा हुई।

सभा में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश ने कहा कि क्षेत्रवासियों को इस तरह की उद्योग प्लांट से पीड़ा और तकलीफ है। बेमेतरा कृषि आधारित जिला है, इसलिए कृषि आधारित उद्योग होना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि किसानों का यह शांतिपूर्वक आंदोलन है, जिसमे मैं शुरू से साथ में था और आने वाले समय में भी आप किसानों के साथ में रहूंगा। विधायक ने यह भी कहा कि इस प्लांट का निर्माण मेरे कार्यकाल में शुरू नहीं हुआ। मैं किसानों के साथ हूं और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन का समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बात रखी गई है।

### धरना-प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे विधायक दीपेश, ग्रामीणों का किया समर्थन



#### जब तक मांग पूरी नहीं होगी, जारी रहेगा आंदोलन

इसके पहले क्षेत्र के लगभग 30 गांव के किसानों ने अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। बता दें कि पहले ट्रैक्टर प्रदर्शन बेमेतरा जिला मुख्यालय में होना था, लेकिन उसे स्थगित कर दिया गया। आंदोलन स्थल पर ग्रामीणों ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



**व्यक्तिगत टिप्पणी पर हुआ वाद-विवाद :** धरनास्थल पर उस समय थोड़ी विवाद की स्थिति बन गई, जब एक व्यक्ति ने एक व्यक्ति विशेष के बारे में टीका टिप्पणी कर दी। इस पर वहां उपस्थित नेताओं ने कहा कि यह सर्व दलीय मंच है, यहां पर किसी भी व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए, न ही किसी के नाम के लेकर यहां पर कोई चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद विवाद शांत हुआ।

#### फैक्ट्री बंद करने के लिए मांगे गए सुझाव

धरना प्रदर्शन स्थल पर निर्माणाधीन फैक्ट्री को बंद करने के संदर्भ में उपस्थित लोगों से सुझाव मांगा गया। इस पर कुछ ने बताया कि ग्राम रांका के मैदान को अवैध तरीके से फैक्ट्री वालों को दिया गया है, जिस पर रोक लगा दें, तो कारखाने का निर्माण नहीं हो पाएगा, क्योंकि यह ग्रामीण क्षेत्र है। लोगों ने यह भी कहा कि जिस रास्ते का उपयोग कंपनी द्वारा किया जा रहा है, वह किसानों के आने-जाने का है ओर यह कोई औद्योगिक क्षेत्र नहीं है। इसलिए इस पर रोक लगाई जा सकती है और फैक्ट्री वालों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। इस पर विधायक ने बताया कि कलेक्टर द्वारा टीम बनाकर जांच करने की बात कही गई है।

# आत्मानंद स्कूल हसदा के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय स्पर्धा में जीता रजत पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

- बलौदाबाजार में हुई राज्यस्तरीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता

बलौदाबाजार में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता में जिले के बेरला विकासखंड के स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर पदक प्राप्त किया। 16 से 20 सितंबर तक बलौदाबाजार में आयोजित प्रतियोगिता में बालक वर्ग व बालिका वर्ग ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग ललिता, कुसुम, दुर्गेश्वरी, भूमिका तथा लावन्या है। बालक वर्ग 14 वर्ष में मनीष, केवल, शिवम, रवि, दीपान्शु हैं। खिलाडियों के शानदार प्रदर्शन ने सभी लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया और खेल भावना का परिचय दिया।

स्कूल के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर् राव , रामेश्वरी साहू तथा सीनियर खिलाडी आकाश वर्मा राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ष पदक अपने नाम कर संकुल तथा जिले का नाम रोशन किया है। पूरे जिले में हसदा स्कूल से अब तक लगभग 450 से अधिक राज्य स्तरीय खिलाडी व 200 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किये जा चुके हैं। स्कूल के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर् राव का कहना है कि यह सब खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है। जिस पर शाला प्रमुख दुष्यंत कुमार परघनिहा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं संध्या परगनिहा, मेघनाथ निर्मलकर, आकाश वर्मा, मानचंद निर्मलकर, पंकज वर्मा तथा संकुल समन्वयक दीपक आदिल तथा गांव की सरपंच तेजस्विनी पवन डहरिया बलिराम धीवर, दिलीप वर्मा ने कोच व खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के लिए हर्ष व्यक्त किया एवं व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव और रामेश्वरी साहू को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

## एसपी साहू ने सुनी आम नागरिकों की समस्या, किया निराकरण



**बेमेतरा।** सोमवार पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे थे। इस दौरान एसपी ने आने वाली सभी नागरिकों की समस्याओं को गौर सुना और उनका निराकरण किया। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों से शिकायत का त्वरित निराकरण करने को कहा। इस दौरान स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे सहित पुलिस के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

## राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का डीईओ डॉ बंजारे ने किया सम्मान



**बेमेतरा।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने आज अपने कक्ष में सम्मान किया। प्रदेश का सर्वोच्च पुरस्कार राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त नवाचारी शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा प्रधान पाठिका शासकीय प्राथमिक शाला अकोला और भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल लावातरा तथा अगले वर्ष के राज्यपाल पुरस्कार लिए नामांकित नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका और सुनीता राजपूत शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंतेली को श्री बंजारे ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को शिक्षा के क्षेत्र में बेमेतरा जिले का नाम रौशन करने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।




## जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए 36 विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- विकासखंडस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों और शिक्षकों ने दिखाई प्रतिभा

सेजेस बेरला में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका, गणित पर्यावरण प्रदर्शनी विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विकासखंड के 31 विद्यालय से 213 विद्यार्थी ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। उनमें से 36 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तर के लिए हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका के छात्रों एवं शिक्षिका पुष्पा नायक (व्याख्याता जीव विज्ञान) का चयन सहायक शिक्षक सामग्री एवं विज्ञान संघोष्ठी में जिला स्तर पर हुआ। इसी कड़ी में सेजेस बेरला, सेजेस कुसमी, खुड़मुड़ा, गूधेली, सरदा, पाहंदा, खर्रा, लावातरा, लेंजवारा, गर्ल्स बेरला, बारगांव, कठिया, पू. मा. कंडरका स्कूल का चयन जिला के लिए हुआ। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेपी करमाकर, एबीईओ अधेश ऊईके, बीआरसीसी खोमलाल साहू, वरिष्ठ व्याख्याता विजेश अग्रवाल, शाला समिति के ▶▶| शेष पेज 11 पर

**कलेक्टर ने ली कानून व्यवस्था के संबंध में ली अधिकारियों की बैठक**

# जिले के सभी नागरिकों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित हो : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले में शांति और सुरक्षा पर दिया जोर

कलेक्टर ने अपने कार्यालय कक्ष में कानून और व्यवस्था से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में ज़िले की कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ज़िले में शांति, सुरक्षा और कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले के विशिष्ट, अति विशिष्ट जनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों के लिए पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। सामाजिक समरसता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न समूहों के बीच सामंजस्य बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि ज़िले में शांति बनी रहे। बैठक में क्षेत्र में अपराध की वर्तमान स्थिति और उनके निवारण के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने ज़िले के सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों (एसडीएम) से कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक सुधारों और नई नीतियों पर सुझाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



### एसपी ने दी सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने ज़िले में सुरक्षा तंत्र को और अधिक मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस बल को सुदृढ़ करने के लिए कई नए उपाय किए गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति या बड़े हादसे से निपटा जा सके। इसके अलावा, सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह,उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा पुलिस, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू ,एसडीएम नवागढ़ मुकेशकुमार गौड, एसडीएम बेरला सुश्री पिंकी मनहर शामिल थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था कि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और कानून का सख्ती से पालन हो।

हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

